


## गणपत विश्वविद्यालय के बारे में:

गणपत विश्वविद्यालय (GUNI) भारत के गुजरात राज्य में स्थित एक प्रतिष्ठित राज्य निजी, बहुविषयक एवं गैर-लाभकारी विश्वविद्यालय है। इसकी स्थापना गुजरात सरकार की राज्य विधानसभा द्वारा 11 अप्रैल, 2005 को अधिनियम संख्या 19, 2005 के माध्यम से की गई थी। GUNI को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC) द्वारा "A ग्रेड" से मान्यता प्राप्त है। साथ ही, विश्वविद्यालय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) अधिनियम, 1956 की धारा 2(एफ) के अंतर्गत UGC द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों की सूची में भी शामिल किया गया है। यह विश्वविद्यालय भारतीय विश्वविद्यालय संघ (AIU) का स्थायी सदस्य भी है।

## संस्थान के बारे में:

गणपत विद्यानगर परिसर में स्थित आचार्य मोतीभाई पटेल इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर स्टडीज़ (AMPICS) की स्थापना वर्ष 1999 में मेहसाणा ज़िला शिक्षा फाउंडेशन के तत्वावधान में की गई थी, जिसका उद्देश्य आईटी उद्योगों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कंप्यूटर विज्ञान के क्षेत्र में गुजरात राज्य और भारत के युवा प्रतिभाशाली छात्रों को शिक्षित और प्रशिक्षित करना था। एआईसीटीई (AICTE), नई दिल्ली द्वारा स्वीकृत AMPICS, गणपत यूनिवर्सिटी का एक घटक कॉलेज है जो राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड के साथ मान्यता प्राप्त है। वर्तमान में, यह संस्थान स्नातकोत्तर एमसीए (MCA) कार्यक्रम प्रदान करता है। इसमें कक्षाओं, ट्यूटोरियल रूम, सेमिनार हॉल, कार्यालयों, पुस्तकालय और अच्छी तरह से सुसज्जित कंप्यूटर लैब के लिए भव्य वास्तुकला वाली अत्याधुनिक इमारतें हैं। पूरा परिसर फाइबर लिंक और 1 Gbps की इंटरनेट बैंडविड्थ से जुड़ा हुआ है। AMPICS विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन में अत्यधिक सक्रिय है। इसने प्रतिवर्ष फरवरी में आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित स्प्रिंगर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन COMS2, इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज लेक्चर सीरीज़ वर्कशॉप और एलुमनाई (पूर्व छात्र) लेक्चर सीरीज़ आदि की स्थापना की है।

## विभाग के बारे में

एमसीए (MCA) विभाग की स्थापना वर्ष 1999 में कंप्यूटर एप्लीकेशन के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्यों से की गई थी। तेजी से विकसित होती तकनीक और नवाचार की निरंतर आवश्यकता के साथ, विभाग ने हमेशा ऐसे गुणवत्तापूर्ण पेशेवर तैयार किए हैं, जो भारत और विदेशों में कंप्यूटर विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग में महत्वपूर्ण पदों पर आसीन हैं। यह विभाग बेहतरीन शैक्षणिक रिकॉर्ड वाले संकाय सदस्यों (फ़ैकल्टी) की एक अनुभवी टीम से सुसज्जित है, जिन्हें कंप्यूटर नेटवर्क, साइबर सुरक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और डेटा साइंस में महारत और विशेषज्ञता हासिल है।

## कार्यशाला के बारे में

यह कार्यशाला संकाय सदस्यों (फ़ैकल्टी), शोधकर्ताओं, उद्योग जगत के प्रतिभागियों और स्नातकोत्तर छात्रों को आधुनिक डिजिटल सुरक्षा के लिए एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) और साइबर थ्रेट इंटेलिजेंस में व्यापक ज्ञान और व्यावहारिक (हैंड्स-ऑन) अनुभव प्रदान करने के लिए सावधानीपूर्वक डिज़ाइन की गई है। यह कार्यक्रम प्रतिभागियों को उनके अनुसंधान एवं शैक्षणिक प्रयासों को उन्नत करने हेतु आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है।

## AICTE-VAANI

**परिचय:** एआईसीटीई-वाणी योजना (Vibrant Advocacy for Advancement and Nurturing of Indian Languages) तकनीकी शिक्षा में भारतीय भाषाओं के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (AICTE) की एक पहल है।

**उद्देश्य:** इस योजना का उद्देश्य तकनीकी शिक्षा में भारतीय भाषाओं को एकीकृत करना, ज्ञान तक पहुँच को व्यापक बनाना और शिक्षा जगत तथा उद्योग के बीच सहयोग को बढ़ावा देकर नवाचार को प्रोत्साहित करना है।

## महत्वपूर्ण तिथियाँ:

- पंजीकरण की अंतिम तिथि: **06 सितंबर 2026**
- चयन की सूचना: **08 सितंबर 2026**
- स्वीकृति: **10 सितंबर 2026**

ATAL | Ganpat University | A.M. Patel Institute of Computer Studies | CENTRE OF EXCELLENCE | AICTE

दो दिवसीय कार्यशाला

# आधुनिक डिजिटल सुरक्षा के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर थ्रेट इंटेलिजेंस

**18 - 19 सितंबर, 2026**

Application No. : 2725827183

**एआईसीटीई - वाणी द्वारा प्रायोजित**



## आयोजक:

मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (MCA) विभाग,
आचार्य मोतीभाई पटेल इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर स्टडीज,
गणपत यूनिवर्सिटी, गणपत विद्यानगर, मेहसाणा,
गुजरात, भारत, पिन कोड -384012
**https://ampics.guni.ac.in/**

DIAMOND QS I-GAUGE | NAAC A Grade | GSIRF | CareEdge

## प्रमाणन मानदंड

मानदंडों को पूरा करने वाले प्रतिभागियों को 'वाणी' (VAANI) द्वारा समर्थित एक प्रमाणपत्र दिया जाएगा:

- कार्यशाला में कम से कम 80% उपस्थिति होना अनिवार्य है।
- कार्यशाला के दौरान आयोजित परीक्षा में न्यूनतम 70% अंक प्राप्त करना आवश्यक है।
- कार्यशाला के अंतिम दिन फीडबैक (प्रतिक्रिया) देना अनिवार्य है।

## लक्षित प्रतिभागी

एआईसीटीई (AICTE) स्वीकृत संस्थानों के संकाय सदस्य , शोधार्थी , एम.टेक छात्र / अनुसंधान फेलो , उद्योग जगत के कामकाजी पेशेवर.

## महत्वपूर्ण निर्देश & पंजीकरण विवरण:

- **प्रतिभागियों की संख्या:** प्रतिभागियों की संख्या 50 तक सीमित है और इसके लिए कोई पंजीकरण शुल्क नहीं है ।
- **चयन का आधार:** प्रतिभागियों का चयन 'पहले आओ, पहले पाओ' (First Come, First-served) के आधार पर किया जाएगा ।
- **सूचना:** चयनित उम्मीदवारों को ईमेल द्वारा सूचित किया जाएगा ।
- **प्रमाणपत्र:** प्रमाणन (Certification) के अंतर्गत मानदंडों को पूरा करने वाले उम्मीदवारों को प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा ।
- **पंजीकरण लिंक:** भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागियों को नीचे दिए गए लिंक पर पंजीकरण करना अनिवार्य है:
  AICTE-VAANI Aplication No.: 2725827183
  Registration Link: https://atalacademy.aicte-india.org/login

## कार्यशाला की विषय-सामग्री

- **साइबर सुरक्षा के बुनियादी सिद्धांत:** नेटवर्क सुरक्षा, क्रिप्टोग्राफी और एक्सेस कंट्रोल ।
- **उभरती हुई साइबर सुरक्षा तकनीकें:** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), मशीन लर्निंग (ML), ब्लॉकचेन, सॉफ्टवेयर-डिफाइंड नेटवर्किंग (SDN) सुरक्षा, इंसिडेंट रिस्पॉन्स (घटना प्रतिक्रिया), एआई-संवर्धित थ्रेट हंटिंग, आईओटी (IoT) सुरक्षा, क्लाउड सुरक्षा, स्काडा (SCADA) नेटवर्क सुरक्षा, व्यावहारिक प्रशिक्षण लैब (Hands-on training lab) और केस स्टडीज (मामलों का अध्ययन)।

## कैसे पहुँचें

- **रेल मार्ग से:** निकटतम रेलवे स्टेशन मेहसाणा जंक्शन है, जो लगभग 12 किमी की दूरी पर स्थित है।
- **हवाई मार्ग से:** निकटतम हवाई अड्डा सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, अहमदाबाद है, जो लगभग 72 किमी दूर है।
- **सड़क मार्ग से:** मेहसाणा सेंट्रल बस स्टॉप लगभग 15 किमी की दूरी पर स्थित है। इसके अलावा, गांधीनगर बस स्टॉप भी निकट है, जो लगभग 48 किमी दूर है।

## विषय-विशेषज्ञ :

इस कार्यशाला में उद्योग जगत के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ, राष्ट्रीय महत्व के विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों के प्रख्यात प्रोफेसर, तथा विभिन्न अनुसंधान संस्थानों एवं उद्योगों से जुड़े विशेषज्ञ संसाधन व्यक्तियों के रुप में अपने ज्ञान, अनुभव और विशेषज्ञता को प्रतिभागियों के साथ साझा करेंगे।



**डॉ. दिग्विजयसिंह राठौड़**
प्रोफेसर (साइबर सुरक्षा), प्रमुख – सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (CoE), साइबर सुरक्षा एवं डीन, राष्ट्रीय फॉरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (NFSU), गृह मंत्रालय, भारत सरकार, गांधीनगर



**डॉ. विशाल जे. राठौड़**
प्रधान लीड इंजीनियर - डिवाइस सुरक्षा, क्वांटम नेटवर्क्स, जेन एक्जिम प्राइवेट लिमिटेड, अहमदाबाद, गुजरात



**श्री मजहर राणा**
प्रिंसिपल सॉफ्टवेयर इंजीनियर (सुरक्षा)
सोफोस लिमिटेड (Sophos Limited),
अहमदाबाद, गुजरात



**श्री रजत खंडेलवाल**
सुरक्षा प्रमुख (Security Head)
केपीएमजी (KPMG), मुंबई, भारत



**श्री विनय कौल**
प्रबंधक – SCADA नेटवर्क
जीएसपीएल इंडिया गैसनेट लिमिटेड
गांधीनगर, गुजरात

## आयोजन समिति



मुख्य संरक्षक और अध्यक्ष
**श्री गणपतभाई पटेल (पद्म श्री)**
गणपत यूनिवर्सिटी, गुजरात, भारत



ग्रुप प्रो-चांसलर और संयुक्त अध्यक्ष
**डॉ. महेंद्र शर्मा**
गणपत यूनिवर्सिटी, गुजरात, भारत



महानिदेशक (प्रभारी)
**डॉ. राकेश पटेल**
गणपत यूनिवर्सिटी,
गुजरात, भारत



प्रो-वाइस चांसलर,
**डॉ. सौरभ दवे**
आचार्य मोतीभाई पटेल इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर स्टडीज,
गणपत यूनिवर्सिटी, गुजरात, भारत



प्रो-वाइस चांसलर,
कार्यकारी कुलसचिव
**डॉ. गिरीशभाई पटेल**
गणपत विश्वविद्यालय,
गुजरात, भारत



**प्रो. (डॉ.) श्रीधरन राजगोपाल**
एग्जीक्यूटिव डीन,
कंप्यूटर अध्ययन संकाय,
गणपत यूनिवर्सिटी,
गुजरात, भारत



**समन्वयक:**
**डॉ. निर्भय चौबे**
प्रोफेसर और डीन,
मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग,
आचार्य मोतीभाई पटेल
इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर स्टडीज,
गणपत यूनिवर्सिटी, गुजरात, भारत



**सह-समन्वयक:**
**डॉ. संजय बी. पटेल**
सहायक प्रोफेसर,
मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग,
आचार्य मोतीभाई पटेल
इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर स्टडीज,
गणपत यूनिवर्सिटी, गुजरात, भारत